तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024

11 सुंदरकेरा में निर्मित एक करोड़ के स्टापडेम...

12 समय पर वर्षा नहीं होने से पिछड़ रही खेती...

प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

Pragati College
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
Ph. : +91-771-2255911/22, Fax : +91-771-2255933
ADMISSIONS OPEN
STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION
Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003
Computers > B.C.A., B.Sc. (C.S.), P.G.D.C.A. 9294603013
Communication > B.A.(J.M.C.), P.G.D.J. 9294603033
Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025
Management > B.B.A. 9294603003
info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com

सियासत : नगर सरकार बनाने पूर्व एमएलए अमितेश ने संभाली कमान

जुझारू प्रत्याशियों को ही देंगे टिकट सभी वार्ड से 3-3 लोगों का पैनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- कांग्रेस के जोन सेक्टर प्रभारियों की ली बैठक

न्यू सर्किट हाउस में गुरूवार को राजिम के पूर्व विधायक व राज्य सरकार के प्रथम पंचायत मंत्री रहे अमितेश शुक्ल ने नगर के जोन सेक्टर कार्यकर्ताओं से सीधे रूबरू हुए। आगामी पालिका चुनाव में नगर पालिका गरियाबंद में कांग्रेस की नगर सरकार बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। शुक्ल ने कार्यकर्ताओ से सुझाव मांगे वहीं कई मुद्दो पर चुनाव में जीत दर्ज करने का मूल मंत्र भी बताया। लगभग 3 घंटे तक हुई सीधी संवाद में यह तय किया गया की वार्ड व नगर में टिकट उन्ही को मिलेगा जिसे जनता पसंद करेगी। शुक्ल ने साफ कह दिया है की यह चुनाव सीधी जनता से जुड़ी होती है ऐसे में उनकी पसंद का आंकलन करने के बाद ही टिकट दिया जायेगा। इसके लिए अभी से वार्डों में बैठक कर आपस में रायसुमारी लेकर 3-3 दावेदारों के नाम मांगा गया है। अमितेश शुक्ल पूरे समय कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने व रिचार्ज का काम किया ताकि विधानसभा व लोकसभा की तुलना में कार्यकर्ता दुगुने लगन के साथ मैदान में उतर सके।

5 साल में पालिका का विकास हवा-हवाई रहा

अमितेश ने कहा कि पिछले पांच साल में पालिका का विकास केवल हवा हवाई होते दिखा। शुक्ल ने कहा यहां करोड़ों रूपए के बजट सेंक्शन के बावजुद नगर के लोगों को निष्तारी की समस्या दूर नहीं हुई, प्रकाश व सफाई का भी ठिकाना नहीं, युवा खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम जैसे जरूरी स्थान की कमी दिखी। नगर में बाजार सुव्यवस्थित नहीं हुआ, पार्किंग जैसे आवश्यक स्थान का अभाव है। शुक्ल ने कहा की पालिका में केवल दिखावे का विकास किया गया। अमितेश ने दावा किया कि इन मुद्दों पर कांग्रेस इस बार पालिका का चुनाव लड़ नगर सरकार बनाएगी। आज के बैठक कार्यक्रम में ओम राठौर, बीरू यादव, सन्नी मेमन, रमेश मेश्राम, अवधराम यादव, महेन्द्र राजपूत, राजेश साहू, सुरजीत कुटारे, गेंदलाल सिन्हा, प्रेम सोनवानी, रितिक सिन्हा, संदीप सरकार, योगेश बघेल, छगन यादव, पूना यादव, संजय नायक, सुनील शेन्द्रे, सोनू जगत, रंजीत साहनी, अशोक जगत, मुकेश पांडे, चंद्रभूषण चौहान, सुशील सोनी, नरेंद्र सिन्हा, मुकेश रामटेके, विजेंद्र बांम्बोडे, वीरेन्द्र ध्रुव, गोवर्धन हरपाल, वीरेन्द्र सेन, नादिर कुरैशी, प्रतिभा पटेल, विमला साहू, ज्योति साहनी, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

कैच द रन आज

छुरा। जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण के पत्र दिनांक 01 मार्च से 30 नवंबर तक अवधि में आयोजित होने वाले जल शक्ति अभियान 'कैच द रैन' 2024 के अंतर्गत नारी शक्ति से जल शक्ति में महिलाओं की सहभागिता एवं अभियान अंतर्गत जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियों पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना है, इस क्रम में जिला स्तरीय जल संवाद का कार्यक्रम दिनांक 12 जुलाई को स्थान सामुदायिक व सांस्कृतिक भवन छुरा में 10 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम को प्रभावी बनाने तथा आम जनों की कार्यक्रम में सहभागिता हो, कार्यक्रम में विशेष रूप से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छुरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा, एवं तहसीलदार छुरा जिला स्तरीय समस्त विभागीय अध्यक्ष एनएलयूएम सभी विभाग की उपस्थिति रहेगी।

बस-टैंकर भिड़ंत में चालक सहित तीन घायल, रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- नेशनल हाईवे 130 सी इंदागांव व कोयबा के बीच हुआ हादसा

गरियाबंद देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में गुरूवार को दोपहर 12:20 बजे के आसपास यात्री बस और भारत पेट्रोलियम के टैंकर के बीच जबरदस्त भीड़ंत हो गई। जिसमें दोनों वाहनों के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए और वाहन चालक सहित 3 लोग इस घटना में घायल हो गए हैं। टक्कर के बाद टैंकर से धुंआं उठना शुरू हो गया। लेकिन पुलिस ने सूझबूझ से आग बुझा कर बड़ा हादसा टाल दिया। घायलों को संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया। जानकारी अनुसार देवभोग से यात्री बस 30 से ज्यादा यात्रियों को लेकर रायपुर की ओर आ रही थी। इस दौरान इंदागांव के आगे रायपुर से आ रही पेट्रोल टैंकर से बस भिड़ गई, हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर

⏭ शेष पेज 10 पर

सड़क में हैं बेशुमार गड्ढे, सम्भलकर चलिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

सड़क में गड्ढे हैं कि गड्ढे में सड़क है ये लोगों को भी मुश्किल में डाल देता है। दरअसल यह ग्राम पंचायत कनसिघी के सरगाईपारा पहुंच मार्ग है। ज्ञात हो कि कनसिघी मेन रोड से सरगाईपारा होते हुए भरूवामुडा जाने का सड़क है यहां सड़क लगभग 2 किलोमीटर एनीकेट तक इतना जर्जर हो चुका है कि पैदल चलने लायक भी नहीं बचा है। ग्राम पंचायत अनदेखी के चलते बद से बद्तर हों चुके हैं, इस मार्ग को देख सहज अंदाजा लगाया

⏭ शेष पेज 10 पर

आईसेक्ट - ईशान एकेडमी
कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र
कम्प्यूटर पाठ्यक्रम: MBC-T | CCC-T | TALLY | BASIC COMPUTING
विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम: PGDCA | DCA
प्रवेश प्रारंभ
☞ स्कॉलरशिप सुविधा। ☞ कम शुल्क - बेहतर शिक्षा।
नवापारा - सुभाष चौक, सदर रोड
राजिम - साहू छात्रावास के पास, पथर्रा रोड
सम्पर्क करें - 98265-26082

www.shreeshivam.com
तोड़ फोड़ सेल
आलमारी भरेगी दिल नहीं
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
UPTO 50% OFF
MONTE CARLO | PUMA | LEVI'S | aurelia | TOMMY HILFIGER | NAUTICA
IZOD | JACK & JONES | BLACKBERRYS | TWENTY DRESS | INDIAN TERRAIN
CRIMSOUNE CLUB | WISHFUL | UNITED COLORS OF BENETTON | KAZO | W | KLUB | madame | Little Kangaroos
VERO MODA | KILLER | GINI & JONY | SELECTED | WHITE HANGER | KIDS WEARS
UPTO 40% OFF
GAS | LOUIS PHILIPPE | VAN HEUSEN
CK Calvin Klein | RARE RABBIT | SWEET DREAMS sleep and athleisure
BUY 2 GET 2 FREE
ARROW | ColorPlus | PARK AVENUE
U.S. POLO ASSN. | LINEN CLUB | parx
BUY 1 GET 1 FREE
FORCE IX | mufti
ROOKIES | spykar | CAMLA
AND MANY MORE
T&C apply.

GET EXCLUSIVE OFFERS ON SAREES | KURTIS | LEHENGA | EVENING GOWN
DRESS MATERIAL | SHERWANI | COAT SUIT | KIDS WEARS
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
BHOPAL | CHHINDWARA | JABALPUR | NAGPUR
Raipur: Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri | Durg: Santra Badi, Station Road
Bilaspur: Agrasen Chowk, Link Road, In Front Of Raghuraj Singh Stadium
Follow us on shreeshivamclothing 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

खबर संक्षेप

संरक्षा संगोष्ठी
SAFETY SEMINAR

ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा सेमिनार

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें परिचालन, विद्युत परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिगनलिंग में कार्य करने के लिए दी जाने वाली प्राधिकार और चालक द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं गाड़ियों का स्टेबलिंग, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जानेवाली मानसून संबंधित सावधानियां, स्टेशन कर्मचारी एवं गेटकीपर द्वारा सिग्नल का आदान-प्रदान, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण एवं अग्निशामक यंत्र का उपयोग की जानकारी दी गई।

आठ सौ बांडेड डाक्टर पोस्टिंग के इंतजार में

रायपुर। आचार संहिता की वजह अटकी पोस्टिंग आदेश के जारी होने का एमबीबीएस उत्तीर्ण छात्र अब भी इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2018 बैच के इन छात्रों ने पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री से भी इस बारे में मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई थी। उनका तर्क है कि आदेश जारी होने में होने वाली देरी की वजह से उन्हें अतिरिक्त समय तक अपनी सेवा देनी होगी। अभी पोस्टिंग नहीं होने की वजह से उन्हें बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। अनुबंध सेवा प्रारंभ नहीं होने की वजह से उनका मेडिकल काउंसिल में पंजीयन भी नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा इस मामले में शीघ्र ही आदेश जारी होने का आश्वासन दिया है।

ब्यूटी पार्लर में चोरी

रायपुर। सिविल लाइंस थाना में एक ब्यूटी पार्लर के संचालक ने अज्ञात के खिलाफ अपने ब्यूटी पार्लर से नकदी 28 हजार, सीसीटीवी कैमरा डीवीआर तथा एसी आउटर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रायल ब्यूटी पार्लर के संचालक अफसाना सैफी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अफसाना ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर छत के रास्ते फाल्स सीलिंग तोड़कर पार्लर के अंदर दाखिल हुआ और चोरी की घटना को अंजाम दिया।

वृंदावन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

रायपुर। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के ऐसे बच्चे, जो इस सत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनका सम्मान किया जाएगा। ऐसे बच्चों के माता-पिता पदाधिकारियों के नंबर पर संपर्क कर निशुल्क रजिस्ट्रेशन तत्काल करा सकते हैं। यह जानकारी समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर एवं कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। रजिस्ट्रेशन के लिए 9827110021, 7049090502 इस नंबर में संपर्क कर सकते हैं।

8 सूत्रीय मांग, राज्य भंडार गृह निगम के कर्मचारी 15 से करेंगे बेमियादी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के राज्य भंडार गृह निगम में कार्यरत 2200 कर्मचारी 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद कर्मचारी नियमितीकरण, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 4 हजार रुपये की श्रम सम्मान राशि तत्काल प्रदान करने, निगम में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए धरना देंगे।

क्रेडा के संविदा कर्मचारी, एकलव्य विद्यालय के अतिथि शिक्षक और पटवारियों तथा नायब तहसीलदार के बाद अब छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा कराने मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। संघ के प्रांताध्यक्ष नंदकिशोर नागपुरे, प्रांतीय महासचिव रितेश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले दो माह से प्रबंधन के लिए हम चर्चा के लिए समय मांग रहे हैं, पर प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में कर्मचारी संघ ने 15 जुलाई से तूता में अनिश्चिकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों की हड़ताल से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न वितरण का काम प्रभावित होगा।

नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी प्रदेश व्यापी प्रदर्शन की तैयारी में

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले प्रदेशभर के नगरीय निकायों में कार्यरत 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी 2 सूत्रीय मांग को लेकर जुलाई के अंतिम सप्ताह में प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे का कहना है कि महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करा दिया है। इसके बाद भी लंबित मांगों को लेकर ध्यान नहीं दिये जाने से प्रदेशभर के नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग में समस्त नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद कर निकायों से कर्मचारियों के खाते में सीधे वेतन भुगतान किया जाये। श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपये तत्काल देना शुरू किया जाये।

- श्रम सम्मान की राशि 4 हजार रुपये देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग
- नवा रायपुर के तूता में देंगे धरना, पीडीएफ के खाद्य वितरण का कार्य होगा प्रभावित

प्रमुख मांग इस तरह

- छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम में वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी उच्च कुशल, कुशल और अकुशल कर्मचारियों से जिस पद पर कार्य लिया जा रहा है, उस पद का सृजन कर उस पद के विरूद्ध नियमितीकरण किया जाये।
- निगम में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों के पदोन्नति की मांग।
- नियमित कर्मचारियों का ईपीएफ भविष्यनिधि क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर स्थानांतरित किया जाये।
- श्रम अधिनियम 1948 के नियम को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में लागू करने की मांग।
- कार्पोरेशन में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपये प्रदान की जाये।
- छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सुरक्षा गार्ड की भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जाये। विभिन्न शाखाओं में रखे गये सुरक्षा गार्ड को तत्काल कार्य से पृथक किया जाये।
- कार्पोरेशन में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के निधन के बाद दाह संस्कार स्वरूप राशि 10 हजार प्रदान करने की मांग।
- छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में 1997 के बाद आज तक कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया। इन्हें नियमित वेतनमान की राशि प्रदान की जाये।

महिलाओं द्वारा की गई ऑनलाइन शिकायत पर पुलिस अब तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेगी

नए कानून में महिलाओं को जल्द न्याय का प्रावधान, झूठा वादा कर यौन संबंध तो सख्त सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नए कानून भारतीय नागरिक संहिता में महिलाओं तथा छोटी बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न तथा किसी अन्य प्रकार के अपराध के लिए व्यापक रूप से व्याख्या की गई है। नए कानून के तहत महिला संबंधित अपराध के लिए पुलिस को दो महीने के अंदर जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करना होगा। साथ ही महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म के लिए आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

नए कानून की धारा 69 के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति पहचान छिपाकर किसी महिला को शादी, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाता है, तो उसके लिए सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। आरोपी को 10 वर्ष कैद के साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि आईपीसी में शादी के झूठा वादा कर यौन संबंध बनाना, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा करना और पहचान छिपाकर शादी करने जैसी चीजों के लिए कोई साफ-साफ प्रावधान नहीं था। इस तरह के मामलों को आईपीसी की धारा 90 के तहत कवर किया जाता था, जहां झूठ के आधार पर ली गई सहमति को गलत माना जाता था। इस तरह के मामलों में आईपीसी की धारा 375 के तहत आरोप लगाए जाते थे।

महिला संबंधित अपराध को लेकर जिले के अलग-अलग थानों में अब तक 11 प्रकरण दर्ज, ज्यादातर अपहरण के

समय पर मिलेगा न्याय

नए कानून में किसी भी तरह के अपराध में पीड़ित को तीन वर्ष के भीतर न्याय दिलाने का प्रयास किया गया है। साथ ही ई-शिकायत करने में तीन दिन के भीतर पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी होगी। पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल करना होगा।

नए कानून के तहत जिले में 11 अपराध दर्ज

नए कानून बीएनएस 10 दिन पूर्व 11 जुलाई को लागू किया गया है। नए कानून लागू होने के बाद जिले के अलग-अलग थानों में 11 अपराध दर्ज किए गए हैं। इनमें से ज्यादातर अपराध नाबालिग के अपहरण का मामला शामिल है। दर्ज अपराध में सात प्रकरण अपहरण के हैं। शेष अन्य प्रकरण छेड़खानी तथा रेप का है।

कानून के जानकारों का यह कहना है

एएसपी ललिता मेहर के मुताबिक नए कानून में महिलाओं व बच्चों के साथ अपराध घटित होने पर उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रावधान किया गया है, साथ ही नाबालिग पीड़िता के साथ सामूहिक दुराचार करने पर पीड़िता की अलग-अलग उम्र सीमा को हटाकर 18 वर्ष से कम कर दिया गया है, साथ ही आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

अभिभावकों की उपस्थिति में बयान दर्ज

नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से संबंधित 35 धाराएं बनाई गई हैं। सामूहिक बलात्कार के लिए आजीवन कारावास, नाबालिग से सामूहिक बलात्कार के लिए मृत्युदंड अथवा आजीवन कारावास, यौन संबंध बनाने झूठे वादे करना, पहचान छिपाने जैसे अपराध के लिए नए कानून में अलग से उल्लेख किया गया है। महिला संबंधित यौन अपराध में पुलिस अब पीड़िता के अभिभावक की उपस्थिति में बयान दर्ज करेगी।

पीड़िता को व्यापक सुरक्षा

जिला अभियोजन अधिकारी हिना यास्मिन खान के मुताबिक नए कानून में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के हितों का व्यापक स्तर पर ध्यान रखा गया है। महिला तथा बच्चों के प्राथमिक उपचार कराने से लेकर रेप की सजा में कठोर कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 60 दिन के भीतर चालान पेश होने के बाद 90 दिनों के बाद पीड़िता को उनके केस की प्रगति की अनिवार्य रूप से जानकारी देनी होगी। महिला तथा बच्चों को थाना आने में छूट प्रदान की गई है। उनके ऑडियो, वीडियो को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

पहली बार चेन स्नेचिंग के लिए कानून

लोक अभियोजक मोरिशा नायडू छत्तरी के मुताबिक नए कानून में महिलाओं को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ गई हैं। चेन स्नेचिंग की ज्यादातर शिकार बुजुर्ग महिलाएं होती हैं। आईपीसी में चेन स्नेचिंग को लेकर अलग से कोई कानून नहीं था। वर्तमान में चेन स्नेचिंग को लेकर कानून बनाया गया है। चेन स्नेचिंग में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है।

बरसात में तालाब व नाले में पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

जून माह समाप्त हो गया है। जुलाई भी लगभग आधा होने वाला है लेकिन बारिश नहीं होने के कारण नदी, नाले सूखकर अभी तक कांटे ही है। जबकि इस बारिश के मौसम में नालो में पानी की धार चलनी चाहिए। ये सोंठ गांव का नाला है जहां बिल्कुल पानी नहीं है। तालाब का भी बुरा हाल है। गर्मी इतनी पड़ रही है। उमस इतना ज्यादा है कि लोग बेहाल है।

पुलिस भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा में 284 में 58 हुए पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस विभाग में सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। लिखित परीक्षा में 370 अभ्यर्थी पास हुए हैं। पास अभ्यर्थियों की तकनीकी कारणों से मंगलवार की जगह बुधवार को कोटा स्थित स्टेडियम में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई। शारीरिक दक्षता परीक्षा में 284 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 58 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने में सफल हुए।

छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2021 के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़ एवं 1500 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। प्रत्येक इवेंट में 60 अंक निर्धारित किए गए थे। इस प्रकार कुल-300 अंकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमें भर्ती नियम के अनुसार कुल प्राप्तांकों का 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिये पात्र किया गया। सभी इवेंट में अभ्यर्थियों को उनके द्वारा प्राप्त अंकों की जानकारी एवं कुल प्राप्तांक के आधार पर साक्षात्कार के लिये पात्र तथा अपात्र होने की जानकारी ग्राउंड पर ही दे दी गयी।

- 370 में से 284 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने पहुंचे
- सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर की भर्ती प्रक्रिया चल रही

15 जुलाई को साक्षात्कार

पुलिस भर्ती के लिए जिन 58 अभ्यर्थियों को पात्र पाया गया है, उन उम्मीदवारों का 15 जुलाई को पुलिस मुख्यालय में साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों का प्रवेशपत्र 13 जुलाई को पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट में अपलोड किया जाएगा। प्रवेशपत्र में उपस्थित होने समय के साथ स्थान तथा आवश्यक दिशा निर्देश का उल्लेख रहेगा।

कौंदकेरा में पौधारोपण

राजिम। एक वृक्ष मां के नाम अभियान अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कौंदकेरा के पौधारोपण कार्यक्रम में शाला के एसएमसी सदस्यों सहित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक नरेश साहू, प्रधानपाठक अंतेश्वरी निराला, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। विदित हो कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम पूरे देश में संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री के द्वारा /"एक वृक्ष मां के नाम अभियान अंतर्गत विभिन्न स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने सभी पालकों से बच्चों के अध्यापन एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में सहयोग करने की अपील की। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने सभी एसएमसी सदस्यों से अनुरोध करते हुए कहा कि नियमित रूप से बच्चों को घर में अध्ययन करने प्रेरित करें साथ ही सर्वे भवंतु सुखिनः के सूत्र को अमल में लाते हुए सभी बच्चों एवं गांव सहित पूरे राष्ट्र के लिए मंगल कामना रखते हुए सकारात्मक सोच के साथ शाला में सहयोग करने का आह्वान किया। शर्मा ने संकुल के मनोनीत समन्वयक नरेश साहू को बधाई देते हुए अकादमिक गतिविधियों एवं शासन द्वारा निर्देशित सभी नियमों का सुचारू रूप से पालन एवं शाला अवलोकन करते हुए शासन की समस्त सुविधाओ का लाभ बालकों को सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। बीआरसीसी द्वारा शाला परिसर में समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत शौचालय निर्माण का अवलोकन किया जिसमें प्रधान पाठक द्वारा मरम्मत की राशि अत्यंत कम होने के कारण कार्य प्रभावित होने की सूचना दी गई। साथ ही एसएमसी सदस्यों द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग हेतु आवेदन दिया गया जिस पर उन्होंने उच्च अधिकारियों से अनुरोध करने का आश्वासन दिया कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिष्ठान एवं स्वल्पाहार का वितरण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में रीना पटेल, ममता विश्वकर्मा, लता साहू, उत्तरा साहू, सरस्वती पटेल, धर्मोतीन साहू, वीणा साहू, टोमिन यादव, हरिलाल साहू, विष्णु साहू सहित पालक समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। संकुल केंद्र कौंदकेरा के अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला टेढ़ाही पारा में आज नवीन एसएमसी कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से लक्ष्मी साहू अध्यक्ष, ममता विश्वकर्मा उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का मनोनयन किया गया तत्पश्चात शाला परिसर में एक वृक्ष मां के नाम अभियान अंतर्गत शाला के सभी बालक-बालिकाओं द्वारा फलदार वृक्षों का रोपण किया गया।

विधायक ने शाला प्रबंधन अध्यक्षों की ली बैठक, कहा- विद्यालय के हित में करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

विधायक रोहित साहू ने स्थानीय विश्राम गृह में क्षेत्र के हायर सेकेण्डरी स्कूलों में नियुक्त किए गए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सभी अध्यक्षों का परिचयात्मक बैठक रखा। उक्त बैठक में क्षेत्रभर के हायर सेकेण्डरी स्कूलों के नवनियुक्त अध्यक्षगण शामिल हुए। बैठक में विधायक रोहित साहू ने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को विद्यालय के हित में कार्य करने की बात कही तथा उन सभी से विद्यालय की आवश्यकताओं व समस्याओं की भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने पूरे कार्यकाल का रोडमैप तैयार कर कहा कि सभी नवनियुक्त अध्यक्ष अपने शालाओं का सतत दौरा करें व वहाँ की शैक्षणिक गतिविधियों की निरंतर निगरानी करें।, शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों का भी संचालन समय समय पर हो जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास हो। जैसे खेल,व ययाम, बैद्धिक कार्यक्रम,सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग करें। साथ ही स्कूलों को मिलने वाला अनुदान राशियों का मॉनिटरिंग करे जो समान खरीद रहे है गुणवक्ता युक्त हो तथा मितव्यियता से कार्य कराने की बात कही। विधायक रोहित साहू ने जिन स्कूलों में शिक्षकों व अतिशेष शिक्षक हैं की जानकारी ली तथा जिन स्कूलों में निर्माण कार्य हो रहे है वहाँ के अध्यक्षों को दौरा कर गुणवत्ता युक्त एवं समय सीमा में कार्य हो यह सुनिश्चित करें निर्देश दिया। इसके अलावा स्कूलों में वृक्षारोपण, एनसीसी व स्काउट की गतिविधियों को बढ़ाने की बात कही व जल्द ही सभी स्कूलों में एक निगरानी समिति का गठन कर स्कूल के हित में सतत कार्य करने की बात कही।

पेज 9 के शेष...

इंदागांव पुलिस पहुंची और टैंकर में लगे हल्की आग जो बुझा लिया गया। देवभोग से बस यात्री लेकर निकली थी। बस में 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। इंदागांव के आगे बस रायपुर से आ रहे पेट्रोल टैंकर से भिड़ गई। हादसे की सूचना मिलते ही इंदागांव पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी लगते ही मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाकर तत्काल उपचार करने का निर्देश दिया और सामने खड़े होकर उपचार कराते एसडीएम दिखाई दिए।

सड़क में हैं बेशुमार...

जा सकता है कि प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधि जनमुद्दों को लेकर कितना गंभीर है। मरम्मत के अभाव में जगह- जगह तालाब नमूना गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। फिर भी जिम्मेदार है कि, इधर झांकने तक नहीं आते। कनसिघी से भरूवामुडा को जोड़ने वाले इस 2 किलोमीटर तक के मार्ग में हर दो कदम पर इतने जानलेवा गड्ढे हो चुके हैं कि इनकी गिनती भी नहीं कर सकते। बेबस वार्ड वासी और राहगीर हिचकोले खाते हुए यह खतरनाक सफर रोज तय करते हैं। ग्रामीण जयलाल यादव, बनस निषाद, राज़ नायक, संतोष कहर, खोलबाहरा यादव, दिलीप निषाद, महेश निषाद, राजेश नायक ने बताया कि आने जाने के दौरान कोई बाइक समेत गिरकर चोटिल हो रहे हैं तो कई लोगों की वाहन दलदल में फंस जा रही है। मालूम हो कि कीचड़ से भरे गड्ढे बारिश सीजन में तालाब में तब्दील हो जातें हैं। इससे सबसे ज्यादा हलाकान स्कूली बच्चे और दैनिक मजदूर हैं। क्योंकि उन्हें हर रोज दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मार्ग को मरम्मत करने के लिए ग्रामीणों ने कई बार गुहार लगाई, अर्जियां भी भेजी गई। फिर भी आज तक नहीं बन सका। 2 किलोमीटर के मार्ग पर 500 से ज्यादा बेडौल गड्ढे लोगों को मौत बांट रहे हैं। कारण नजर हटी दुर्घटना घटी, ग्रामीणों को गड्ढो के बीच सड़क खोजना पड़ता है। इस मार्ग पर पैदल चल पाना भी हिम्मत का काम है। ग्रामीणो ने कहा कि इस नरक मार्ग से लोगों को मुक्ति दिलाने की मांग की गई है।

केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने किया सकरी प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केन्द्रीय सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने बुधवार को राजधानी से लगे सकरी स्थित रामकी के सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक रीसाइकिलिंग यूनिट और कंपोस्ट यूनिट की जानकारी ली। उन्होंने विगत वर्ष निरीक्षण के बाद कराये गये कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने राजधानी पहुंचकर रायपुर नगर निगम के सकरी स्थित ठोस अपशिष्ट निष्पादन केन्द्र का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन सेनेटरी लैंडफिल साइट तथा कार्यरत मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी की जानकारी ली। इस मौके पर सूडा के सीईओ शशांक पांडे, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी सहित रामकी की टीम मौजूद रही।

प्रिज्म कंपनी का दिलीप पाण्डेय 15 तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

- शराब के लिए होलोग्राम बनाने वाली कंपनी का स्टेट हेड था
- ईओडब्लू ने दो दिन पूर्व गिरफ्तार किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब के लिए नकली होलोग्राम बनाने वाली प्रिज्म होलोग्राम सिक्यूरिटी प्राइवेट फिल्म के स्टेट हेड दिलीप पाण्डेय को ईओडब्ल्यू ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने पूछताछ करने दिलीप की पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की है। गौरतलब है कि मंगलवार को जांच एजेंसी ने दिलीप को गिरफ्तार किया है।

- जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने पूछताछ करने दिलीप की पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की

शराब घोटाला मामले की जांच कर रही राज्य की जांच एजेंसी पिछले दिनों धनेली स्थित एक खेत से अधजली हुई हालत में भारी मात्रा में नकली होलोग्राम जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पूछताछ कर रही है। इसी मामले की अगली कड़ी में जांच एजेंसी ने मंगलवार को नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन में दबिश देकर नकली होलोग्राम बनाने के उपकरण समेत नकली होलोग्राम परिवहन संबंधी अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। जांच एजेंसी ने दिलीप से पूछताछ करने कोर्ट से 15 दिनों की रिमांड की मांग की थी।

ईओडब्ल्यू द्वारा जारी बयान के मुताबिक वर्ष 2019 से 2022 के बीच प्रदेश की सभी डिस्टलरियो में नकली होलोग्राम सप्लाई किया गया है। स्टेट हेड होने की वजह से दिलीप को गिरफ्तार किया गया है। दिलीप पर आरोप है कि स्टेट हेड होने की वजह से वह होलोग्राम बनाने वाली कंपनी के मालिक विधु गुप्ता, शराब घोटाले का किंग पीन अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा तथा एपी त्रिपाठी के संपर्क में रहा है।



कंपनी का हार्ड ड्राइव जब्त, इसी से नकली होलोग्राम के सीरियल नंबरों की हुई थी छपाई

शराब घोटाले में प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी का स्टेट हेड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने अनवर ढेबर के ग्राम धनेली स्थित खेत में भारी मात्रा में अधजले नकली होलोग्राम जब्त किया था। इस मामले में आगे जांच करते हुए, ईओडब्ल्यू ने अब प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स कंपनी के स्टेट हेड दिलीप पांडे को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में ईओडब्ल्यू को नकली होलोग्राम से संबंधित कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। ईओडब्ल्यू की टीम ने नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन के ऑफिस के भूतल कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग के सेटअप से जुड़े इंडस्ट्रियल कम्प्यूटर का हार्ड ड्राइव जब्त किया है, जिसके माध्यम से नकली होलोग्राम के सीरियल नंबरों की छपाई की गई थी। टीम ने इन सबूतों की वीडियोग्राफी भी कराई है, ताकि जरूरत पड़ने पर कार्रवाई का साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किया जा सके।

ईओडब्ल्यू की ओर से एक प्रेस नोट जारी किया गया है, जिसमें आबकारी घोटाले में डुप्लिकेट होलोग्राम ⏭ शेष पेज 4 पर

नकली होलोग्राम के परिवहन संबंधी दस्तावेज भी मिले

खबर संक्षेप

शासकीय कार्यालयों में प्रतिदिन हो रहा राष्ट्रगान

गरियाबंद। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में प्रतिदिन सुबह 10 बजे राष्ट्रगान का आयोजन किया जा रहा है। इससे सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचकर शासकीय कार्यो का संपादन कर रहे हैं। जिससे आमजनों के शासकीय कार्य भी समय पर संपादित हो रहे है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अग्रवाल ने तय समय पर शासकीय कार्यालयों के संचालित होने एवं लोगों को बेहतर शासकीय सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिदिन सुबह 10 बजे कार्यालय खुलने के समय राष्ट्रगान से कार्य की शुरूआत करने के निर्देश दिये है। इसी तारतम्य में कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालय निर्धारित समय पर संचालित हो रहे है। इसकी शुरूआत राष्ट्रगान से होती है। राष्ट्रगान से कार्य शुरू करने से अधिकारी-कर्मचारियों में देशभक्ति एवं कर्तव्यनिष्ठा की शक्ति का संचार हो रहा है। जिससे सभी कर्मी अधिक ऊर्जा एवं तत्परता से शासकीय कार्यो के संपादन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

सीएम को पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र ने लिखा पत्र

नवापारा-राजिम। पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने सीएम विष्णुदेव साय को एक पत्र लिखकर मांग किया है कि पूरे प्रदेश में लावारिस जानवरो द्वारा किसानों के फसल चराई की समस्या को देखते हुए और गौमाता की संरक्षण करने के लिए तथा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कांग्रेस की सरकार द्वारा अधिकांश गांव में गौठान प्रारंभ किया गया था जो कि सुचारू रूप से संचालित हो रहा था। जिससे किसानो को फसल चराई के मामले में काफी राहत मिली थी तथा गोबर बिक्री करने एवं महिलाओं को रोजगार मिलने का लाभ प्राप्त हो रहा था। परन्तु प्रदेश के सारे गौठान बंद हो गए है। वे अपनी फसल सुरक्षा को लेकर काफी चिन्तित है। शासन द्वारा फसलो की सुरक्षा के लिए किसी भी तरह के कोई वैकल्पिक उपाय भी अभी तक नही किया गया है । इसलिए किसानो की फसलो की सुरक्षा को प्राथमिकता से लेते हुए लावारिस पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था करते हुए पुराने गौठानों को पुनः शीघ्र ही संचालित कर किसानो को राहत दिलवायें ।

श्रेयल पारख सीए बनी

नवापारा-राजिम। नगर के बहुत ही प्रतिष्ठित व्यवसायी पूर्व पार्षद पंकज पारख की बेटी श्रेयल ने सीए क्लीयर किया। श्रेयल के इस सफलता पर डॉक्टर राजेंद्र गदिया, शेखर बाफना, संजय बंगानी, दिनेश सांखला, पारस पारख, अभिषेक दुग्गड़, अजय बंगानी, श्यामकिशोर शर्मा सहित तमाम शुभचिंतको ने उन्हें बधाई दी। नगर के लिए यह गौरव की बात है।

नेशनल लोक अदालत कल

महासमुंद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 जुलाई, शनिवार को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

निधन

भोजराम सिन्हा

राजिम। अतरमरा निवासी भोजराम सिन्हा का निधन हो गया। गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज एवं गांव के लोग तथा शिक्षक बंधु शामिल हुए। वे योगेंद्र सिन्हा, विनोद सिन्हा के पिता थे और रामलाल सिन्हा, कृपाल सिन्हा, टीकम सिन्हा के भाई थे।

विडंबना : पंचायत के स्टापडेम में जल भराव व सिंचाई विभाग के स्टापडेम में पानी ही नहीं

सुंदरकेरा में निर्मित एक करोड़ के स्टापडेम से किसान नाराज, कहा- बढ़ाई जाए ऊंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



सुंदरकेरा के किसान गांव के नाले में सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए 1 करोड़ के स्टाप डेम से खासे नाराज है। नाराज इसलिए है कि जिस जगह पर किसान चाहते थे उस जगह पर नहीं बनाया गया। अपने मर्जी से विभाग के अधिकारियों ने जगह का चयन कर लिया और 1 करोड़ का स्टाप डेम बना दिए। किसानों ने बताया की मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत द्वारा 3 लाख रूपए की लागत पर 3 साल पहले बनाया गया था।

वहीं ग्राम पंचायत के स्टाप डेम में जल भराव है और सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया स्टाप डेम में पानी ही नहीं है। बहरहाल गांव के पूर्व सरपंच वरिष्ठ भाजपा नेता नत्थू साहू के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल 3 दिन पहले सिंचाई मंत्री केदार कश्यप से मिलकर इसकी शिकायत किया। मंत्री के यहां से लौटकर किसान नत्थू साहू ने बताया कि उन्होने मंत्री से कहा कि एक बार आप खुद इस स्टाप डेम का निरीक्षण कर लीजिए या जिले के कलेक्टर को निरीक्षण के लिए भेजिए। उन्होने कहा कि बरसते पानी के बीच हम लोग खार में घूमकर देखते है कि पानी का ढाल किधर बनेगा? भले ही इंजीनियरिंग पास नहीं किए है मगर उससे कम भी नहीं है क्योंकि गांव की जमीन को हम लोग जानते है। जिस समय डेम का निर्माण शुरू किया गया उस वक्त कार्यस्थल पर किसानों के साथ गए और बस इतना ही कहा कि यहां नींव क्यों खोद रहे है? इसे ऊपर की ओर होना चाहिए तभी डेम का कोई मतलब होगा। पर विभाग के अफसरों ने इसे अनसुना करते हुए अपने प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिए और उसी जगह काम शुरू करवा दिए। बताया कि 30 मई को अफसरों का एक टीम गांव पहुंचा और कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग के नाम एक पत्र लिखाकर सरपंच किरण साहू सहित आठ किसान टीकाराम पटेल, चंद्रहास साहू, शोभाराम, देव सिंह साहू, पन्ना साहू, मोतीराम, कमलेश पटेल, सुदामा का हस्ताक्षर लेकर यह लिखाया कि स्टाप डेम की ऊंचाई एक फीट बढ़ाई जाए जिससे जल भराव अधिक हो ताकि सिंचाई सुविधा हेतु आसानी से जल उपलब्ध हो सकेगा। किसानों ने इस पत्र में यह भी लिखा कि बांयी ओर मिट्टी की पार बनाई जाए और स्टाप डेम के डुबान क्षेत्र से निकाला जाए। लेकिन पत्र लिखाने के बाद विभागीय अधिकारी इससे मुकर गए। किसान साफ तौर पर कह रहे है कि इस स्टाप डेम के निर्माण में 20 से 30 लाख रूपए भी नहीं लगा होगा। इसका मूल्यांकन दूसरे विभाग के अफसरों से कराया जाए तो साफ हो जाएगा। किसानों ने कहा है कि अब डेम को हटाया तो नहीं जा सकता लिहाजा इसकी हाइट अच्छे ढंग से बढ़ाई जाए और ऊपरी हिस्से के मैदाननुमा दिख रहे मिट्टी को खुदवाकर हटाए तभी डेम में जलभराव हो पाएगा। मालूम हो कि राजधानी रायपुर में बुधवार को भाजपा की आयोजित बड़ी बैठक में पहुंचे वरिष्ठतम नेताओं एवं संगठन के लोगों ने साफ तौर पर कहा है कि कार्यकर्ताओं के कारण जीत मिली है अतएव कार्यकर्ताओं की बातों को तव्वज्जो देना है।

निर्माण उचित जगह पर

एसडीओ दीपक देव ने बताया की स्टाप डेम का निर्माण उचित जगह देखकर किया गया है।

खड़मा स्कूल परिसर में लगाए गए आंवला, करंज व अमरूद के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़मा में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत विद्यालय में शाला विकास समिति के सदस्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं और शिक्षक- शिक्षिकाओं की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत शाला परिसर पर सभी छात्र-छात्राओं द्वारा पौधे लगाए गए एवं उसकी सुरक्षा काशपथ लिये। शाला विकास समिति के सदस्य गण सरपंच उप सरपंच के द्वारा पौधे लगाए गए जिसमें आम आंवला, करंज, करण, बेल करंज, अमरूद, नींबू, कनेर, नीम, गुड़हल, गुलमोहर, पीपल, जामुन,अशोक आदि 135 पौधों का रोपण प्राचार्य अखिलेश बावन गड़े के नेतृत्व में किया गया।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंहा ने पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण की आवश्यकता पर बल दिया, संस्था के प्राचार्य अखिलेश बावंगाड़े ने शाला के वातावरण को स्वच्छ सुंदर बनाए रखना के लिए पौधारोपण आवश्यक बताएं। इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंहा, लगनी बाई साहू जनपद सदस्य, सरपंच प्रेमाराम कंवर, उप सरपंच तिलेन्द्र साहू, संदीप पांडेय, गुलशन सिंहा रवि साहू, रिंकू सिन्हा, भूपेश सिन्हा, विमला ध्रुव कार्यक्रम अधिकारी के पटेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं में प्रकाश साहू, चंद्रप्रभा साहू, रेनू मिश्रा, दीपेश बारले, भोज ध्रुव, लोमाश ध्रुव, सुषमा ध्रुव एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन पीके पांडेय द्वारा किया गया।

फर्शी संघ ने रोपे फलदार व छायादार के 400 पौधे

फिंगेश्वर। फर्शी उत्पादक संघ बासीन के द्वारा प्रतिवर्ष के भांति पर्यावरण के संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अभियान को लेकर पौधा रोपण किया गया। इसी कड़ी में गुरूवार को फर्शी संघ के सदस्यों के द्वारा वृहद रूप से पौधे रोपित किए। इस अवसर पर माईनिंग अधिकारी एफएल नागेश, माईनिंग इंसपेक्टर सुभाश साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। पौधारोपण कार्यक्रम अभियान को गति देने फर्शी संघ द्वारा लगभग 300 से 400 पौधे रोपित किये गये जिसमे फलदार एव छायादार पौधे शामिल है। लगभग 10– 12 वर्षो से उत्साह के साथ एवं पर्यावरण की चिंता करते हुए संघ के सदस्य जिम्मेदारी पूर्वक पौधारोपण करते आ रहे हैं।पौधे रोपित होने के बाद उसे खाद पानी एवं सुरक्षा भी मुहैयया करा रहे हैं।संघ के इन पुनित कार्यो को लेकर खनिज विभाग द्वारा प्रशंसा की जाती रही है और इस पुनित कार्य मे शामिल भी होते आ रहे हैं।कार्यक्रम का संचालन विकास बंगानी ने किया वहीं पर आभार प्रदर्शन ई"वरी साहू ने किया।उपस्थित सभी लोगो ने पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। पौधारोपण कार्य को सुव्यस्थित एवं सफल बनाने के लिए फर्शी संघ के अध्यक्ष फगेन्द्र यदु, सचिव विकास बंगानी,उपाध्यक्ष योगेन्द्र साहू, नवीन गुप्ता, शरद चतुर्वेदी, प्रमोद तिवारी, अशोक राजपूत, ईश्वर साहू, भागीरथी साहू, पवन यदु, नागेन्द्र साहू, पूर्णेन्द्र साहू, सुरेश साहू, राजेश साहू, समीर यदु सहित अन्य ग्रामीण जन, श्रमिक जन का योगदान रहा।

पेड़ों की रक्षा वैसे ही करना चाहिए जैसे हम अपने बच्चों की करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील लोगों से की है। इसी कड़ी में वन विभाग द्वारा ग्राम कनसिघी में राजीव मिशन नर्सरी, कोठी गांव में हाईस्कूल,रसेला के गौठान में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ पौधे की पुजा अर्चना कर सभी अतिथियों और महिला समूह के सदस्यों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर डुमेश्वर साहू ने आम का पौधा का रोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण का उतना ही महत्व है जितना मानव जीवन का । पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को प्रकृति के बीच जीवन यापन की परंपरा का निर्वहन करना चाहिए। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि हमें पेड़ों की रक्षा वैसे ही करना चाहिए जैसे हम अपने बच्चों की करते हैं। किसी भी पेड लगाने से ज्यादा उनको जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। ग्राम पटेल लोकराम यादव ने कहा कि मानव जीवन के लिए एक पेड़ लगाना बहुत ही महान काम है। एक पेड़ मां के समान है। जैसे मां अपने बच्चों को सजाती एवं संवारती है, भोजन कराती है, ठीक उसी तरह एक पेड़ हमें फल एवं शुद्ध हवा देता है। बीटगाट पुरूषोत्तम ध्रुवा ने कहा कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है। इसे सहेजकर रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए हम सब एक जुट होकर पर्यावरण के सुधार के लिए ऐसा प्रयास करें की अंचल में वृक्षारोपण अभियान की सार्थकता सिद्ध कर सके। इसी कड़ी में भाव सिंह मरकाम लघु वनोपज सहकारी समिति अध्यक्ष ने बताया कि जब ऐसे समय में जब औधोगिक प्रदूषण, उपभोक्तावाद से उपजे कचरे और कार्बन उत्सर्जन, बिजली की बढ़ती खपत से धरती का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है। ऐसे में पौधारोपण जरूरी है। इस मौके पर ग्राम प्रमुख कमलेश्वर नामक, देवलाल बारिक, प्रबंधक केशव यादव, अशोक सेन, तरूण साहू, राहुल, राजू, गौतम ओटी,महिला समूह के सदस्य लोमेश्वरी कोमर्रा, कमलेश्वरी यादव, पुजा चौहान, परमेश्वरी ओटी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

पर्यावरण संतुलन के लिए पौधा रोपण मानव की अहम जिम्मेदारी : अरूण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

वीरेन्द्र दीपक महाविद्यालय जामगांव में 300 नग पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। सरपंच अरूण सिन्हा ने कहा पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधारोपण करना होगा।

इस अवसर में ग्राम के सरपंच अरुण सिन्हा, सचिव गौकरण साहू, पंच लालता प्रसाद ध्रुव, वन विभाग से अगेश्वर साहू, कॉलेज से सहायक प्राध्यापक संजय साहू, शांति मैडम सहित कालेज प्रबंधन के कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं द्वारा पौधारोपण अभियान मे अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। इस अवसर पर सरपंच अरूण सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर हर व्यक्ति को अपने अपने घरों मे एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए। पर्यावरण अच्छा होगा तो हमारा स्वास्थ भी अच्छा रहेगा।

लोहरसी स्कूल परिसर में छात्रों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी में एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूली बच्चों ने सीताफल पौधा लगाकर किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा शाला परिसर में नारियल, आम, आँवला, नींबू, गुलमोहर, बरगद, पीपल, कटहल, अमरुद एवं बादाम के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर बच्चों व शिक्षकों ने कहा की वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। अगर समय रहते ही प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालों को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा। अतः प्रकृति को बचाने के लिए आम लोगों को प्रकृति की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। पेड़ हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छाया प्रदान करती है। वहीं पेड़ पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं। हमें पेड़ पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा व संरक्षण भी बहुत जरूरी है। पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी है।

शीतला माता मंदिर में महिला श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

छुईहा एवं देवगांव में मनाई गई माता पहुंचनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

छुईहा सहित समीपस्थ ग्राम देवगांव में दैहिक, दैविक एवं भौतिक तापों से गांव की सर्वदा रक्षा करने वाली मां शीतला, माता मौली का जुड़वास व माता पहुंचनी उत्सव ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में गुरुवार को धूमधाम व बड़े श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। 3:00 बजे से ही महिला श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था जो शाम होते तक लगातार जारी रहा। भारी संख्या में पहुंचे भक्तों ने मां शीतला कि भेट, पूजा-अर्चना कर अपनी एवं परिवार कि सुख-समृद्धि के लिए माथा टेककर मन्नतें मांगी।

इस अवसर पर ग्राम छूईहा, देवगांव में मां शीतला का दूध, गंगाजल से अभिषेक, नीम पत्तियों के हार, हल्दी का टीका एवं वैदिक पूजन के साथ ग्राम की सुख समृद्धि, कृषक समृद्धि एवं समस्त ग्राम वासियों एवं पालतू जानवर का निरोग की कामना मां की आराधना के साथ की गई। ज्ञात हो कि यह जुड़वास माता पहुंचनी उत्सव वर्ष के आषाढ़ में गुरूवार को मानाया जाता है। कार्यक्रम में जस गीत सेवा दल प्रमुख चैतू राम तारक की सुमधूर स्वर में जसगीत दल पंचराम ध्रव, चैतु राम तारक, संगीत कन्हैया सिन्हा, नन्दु राम सिन्हा किशन राम सिन्हा, पुरनिक ध्रुव, पवन सिन्हा दौलत राम सिन्हा, तिज राम ध्रुव ने समा बांध दिया। इसी तरह ग्राम देवगांव में मूलचंद, गेंद्र, घनश्याम ध्रुव, भीषम नगारची, संतु साहू, तेजराम ध्रुव, बैगा सियाराम साहू, पटेल वेदराम, खिलावन, उदय, रोहित पटेल, भुवन, प्रेम सिंह, बुधराम, नेतराम, तमेश, रामगोपाल, मोती, रवि, सरपंच ओम प्रकाश साहू ने देवगांव के कार्यक्रम को सफल बनाया।

राजिम में माता पहुंचनी कार्यक्रम

राजिम। राजिम की आराध्य देवी मां शीतला माता मंदिर में जुड़वास माता पहुंचनी का कार्यक्रम महामाया प्रबंध समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें नगर के श्रद्धालुओं ने हजारों के भीड़ में पहुंच कर माता कि दर्शन कर मंदिर के बैगा के द्वारा ठंडाई छिड़काव कर सभी भक्त गण पुण्यलाभ लिए मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यवस्था में लगे हुए हैं समिति के सदस्यों में महामाया प्रबंध समिति के संरक्षक महेश यादव, अध्यक्ष लिलेश्वर यदु, रामकुमार साहू, वाल्मीकि धीवर, पवन सोनी, नारायण धीवर, शेषनरायण पटेल, फागु निषाद आदि ने मिलकर माता पहुंचनी का कार्यक्रम सम्पन्न कराये जुड़वासु का कार्यक्रम प्रतिवर्ष कराये जाते हैं।

खबर संक्षेप

लोहरसी हाई स्कूल के अध्यक्ष बने चंद्रशेखर

कोपरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर साहू को मनोनीत किया गया है। चंद्रशेखर साहू के कार्यशैली को देखते हुए उनको अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। साहू के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता ० पालकों ने बधाई दी है।

गंगा स्कूल में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

महासमुंद। ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। शिक्षक लता चन्द्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस पर अपनी धरती, अपने देश व समाज के प्रति जागरूक होने का संकल्प लें एवं बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं। हर साल भारत देश में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप से मनाया जाता है।

चंद्रोदय पब्लिक में शाला नायक एवं नायिका के लिए चुनाव आज

महासमुंद। स्थानीय चंद्रोदय पब्लिक सीबीएसई स्कूल में 12 जुलाई को छात्र कैबिनेट शाला नायक एवं नायिका के चुनाव के लिए मतदान रखा गया है। जिसमें कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थी एवं शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना वोट देंगे। वोटिंग बैलेट बॉक्स के माध्यम से रखा गया है। चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार ने बताया कि बच्चों में चुनाव के प्रति जागरुकता, एक लोकतांत्रिक देश के नागरिक होने के नाते जिम्मेदारी का भाव एवं अपने मताधिकार के सही प्रयोग को बताने के लिए ये एक छोटी सी पहल है। सभी विद्यार्थी वोट डालने के लिए काफी उत्साहित है।

संकट में खेती : मानसून की बेरूखी से किसान चिंतित, रोपाई का कार्य अटका

समय पर वर्षा नहीं होने से पिछड़ रही खेती, किसानों को बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले की मैनपुर क्षेत्र में इस बार किसानों पर मानूसन बिलकुल भी मेहरबान नहीं है, पहले मानसून की देर से दस्तक हुई फिर पर्याप्त बारिश का इंतजार पूरा नहीं हो पाया। अब तक क्षेत्र में झमाझम बारिश के लिए किसान तरस गये हैं जिसके कारण खेती- किसानी कार्य बंद हो गया है, किसान आसमान के तरफ टकटकी लगाये बारिश का इंतजार कर रहे है, रोज आसमान में काले बादल आ रहे है लेकिन बगैर बरसे ही लौट जा रहे है, जिसके कारण 50 प्रतिशत खेती- किसानी का कार्य पूरा नहीं हो पाया है, इस बार क्षेत्र में अब तक महज 70 प्रतिशत ही बोआई का कार्य हो पाया है, रोपाई का कार्य 05 प्रतिशत भी नहीं हो पाया है। क्षेत्र में शासकीय तौर पर सिंचाई का कोई साधन नहीं है, क्षेत्र के जलाशय नदी, नाले, तालाब, सुखे पडे है और तो और अधूरे सिंचाई परियोजनाएं वर्षो से पूरे नहीं हो पाये है, कुछ किसानों के पास ट्यूबवेल की सुविधा है ऐसे किसान ही इन दिनों धान की रोपाई और लईहा बोआई का कार्य कर रहे है।

बोनी का कार्य जल्द से जल्द करें पूरा

इन दिनों लगातार कृषि विभाग द्वारा गांव- गांव पहुंचकर किसानों को सलाह दिया जा रहा है, की कम बारिश की स्थिति को देखते हुए किसान खुर्रा बोनी का कार्य जल्द से जल्द पूरा कर ले साथ ही उन्होने कहा कि किसानों को दलहन, तिलहन ज्यादा से ज्यादा लेने की जरूरत है, अभी दो सप्ताह का समय है दो सप्ताह के भीतर अच्छी बारिश होने पर स्थिति ठीक हो जायेगी, श्री राय ने आगे बताया कि पूरे जिले में किसान 01 लाख 01 हजार हेक्टयर में धान की खेती करते है, एवं 17 हजार हेक्टेयर में मक्का की खेती के साथ ही दलहन, तिलहन की भी खेती किया जाता है, उन्होने बताया कि पूरे जिले में 90 प्रतिशत बोआई का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 8 प्रतिशत रोपाई कार्य हो पाया है।

-चंदन राय, उपसंचालक कृषि विभाग गरियाबंद

हरिभूमि के टीम ने क्षेत्र में खेती किसानी का जायजा लेने कई ग्रामों में खेतों तक पहुंचकर जायजा लिया। और किसानों से चर्चा किया मैनपुर मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर कोकडी में किसान खेत के किनारे बैठे नजर आये किसान धनसाय मरकाम, सुन्दर नेताम, मुकेश मरकाम, दुलेश नागेश ने बताया कि क्षेत्र में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई है, खेत में धान की नर्सरी रोपा लगाने के लिए एक पखवाडे बीज का बोनी किये थे अब धान की थरहा तीन से चार ईंच हो गया है लेकिन बारिश नहीं हो रही है जिसके कारण रोपाई का कार्य पूरी तरह से अटक गया है, क्षेत्र में सिंचाई का कोई भी साधन नहीं है, कुचेंगा, गरीबा और साहेबिनकछार क्षेत्र के किसान रूपसिंह मरकाम, कैलाश नागेश, अर्जन सिंह नायक, पुस्तम, कपील, दीनाचंद मरकाम ने बताया कि धान की फसल की बोआई और रोपाई काफी लेट हो रही है अभी तक क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं हुआ है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में इन दिनों मक्का की बोनी का कार्य कर रहे है, जबकि मक्का बोनी का कार्य भी दो सप्ताह पूर्व हो जाना था। गौरघाट के किसान खेलन दीवान, थानूराम पटेल, शेख फखरूद्दीन, आलीम अंसारी ने बताया कि पिछले वर्ष अब तक रोपाई का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका था इस वर्ष बारिश नहीं हुआ है खेतों में पानी नहीं है जिसके कारण रोपाई का कार्य पूरी तरह बंद है, किसानों ने बताया कि जिन किसानों के पास ट्बवेल की सुविधा है वहीं किसान इन दिनों रोपाई का कार्य कर पा रहे है, क्षेत्र में कुआं भी पहले से सुखे हुए है, कई किसानों के पास कुआं है लेकिन कुआं सुखा होने के कारण चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

खण्ड वर्षा की स्थिति, कहीं बारिश तो कहीं धूप

जिले के मैनपुर क्षेत्र में बारिश का सिस्टम इस बार बेहद कमजोर है खण्ड वर्षा की स्थिति बनी हुई है। आलम यह है कि एक एरिया में पानी गिर रहा है तो दूसरा ऐरिया में सुखा पड़ा है, आसमान बारिश का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है, कि जिले में अब तक की वर्षों की औसत प्रतिशत अमलीपदर क्षेत्र में 43.02, गरियाबंद में 50.02, फिंगेश्वर में 83.08, छुरा में 36.07, मैनपुर में 66.08 एंव देवभोग में 87.01 प्रतिशत बारिश होने की जानकारी विभाग द्वारा दिया जा रहा है, लेकिन क्षेत्र के जायजा लेने पर क्षेत्र में खेती- किसानी कार्य पूरा ढप पड़ा हुआ है, बारिश के अभाव में धान बोनी तक के कार्य रूका पड़ा हुआ है।

बारिश न होने पर ट्यूबवेल से सिंचाई कर रहे किसान, कई की अभी भी नहीं हुई बोआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

जिले के छुरा विकास खण्ड के ग्रामीण अंचल में इन दिनों किसान खरीफ फसल की बोवाई और रोपाई कर रहे है, क्षेत्र के किसान जिसके पास पानी की सुविधा है वह किसान अपने खेतों की सिंचाई कर खेतों में धान की रोपाई मजदूरों से करवाया जा रहे हैं। क्षेत्र में सिचाई की सुविधा नहीं होने के कारण कुछ किसान ऊपर बारिश के भरोसा कर रहे हैं लेकिन किसानों को बारिश की जरूरत है क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी जलाशय जो पिछले 50 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है, जिसका कुछ गांवों में नहर खोदाई का भी काम किया गया है, लेकिन जलाशय का कार्य और नहर का कार्य चालू नहीं हुआ है कुछ वर्ष पहले नहर का कार्य तेजी से किया जा रहा था लेकिन अब नहर निर्माण कार्य कछुआ गति में चला गया है जिससे क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी, जरगांव, मड़ेली, कोरासी, खड़मा, करकरा, कुरेकेरा, बोइरगांव, बम्हनी, करचाली, द्वारतरा, देवसरा आदि ग्रामों में सिचाई का सुविधा हो सकता है। सुविधा को देखते हुए किसानों ने कई बार शासन को अवगत कराया गया पर अभी भी कार्य मे विलंब हो रही है किसान ऊपर के बारिश के भरोसा में बारिश का इंतजार कर रहे है। वहीं सिचांई के साधन वाले किसानों का धान रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है, रोपाई में बढ़ती मंहगाई को देखते हुए मजदूर प्रति एकड़ 5 हजार 5 सौ रुपए ठेका लेकर और ऐसी मजदूरी 130 रुपया में मजदूरी के दर पर कार्य किया जा रहा है। वहीं खेतों को ट्रेक्टर के माध्यम से बोवाई व मताई किया जा रहा है, बड़ते दामों से ट्रेक्टरों की मताई, बोवाई में भी भारी बढ़ोत्तरी कि गई है, किसानों को अपने फसल उगाने के लिए भारी समस्या का सामना करना पढ़ता है उसके बाद किसानों को कहीं जा कर फसल तैयार करते है ,लेकिन क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचल के गांव में खरीफ फसल रोपा लगाने का काम तेज गति से काम चल रहा हैं। और कुछ कृषक खेतों में मताई का काम कर रहा हैं। बारिश की मार कहीं पर अधिक तो कहीं पर कम जिससे किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा। क्षेत्र के ग्राम मुड़ागांव, कोरासी, खड़मा, रानीपरतेवा, करकरा, कुरेकेरा, बोईरगांव, पंक्तियां, जुनवानी, कनेसर, मड़ेली, अकलवारा, फिंगेश्वरी, सोरिद खुर्द, अमेठी, कसेकेरा, साजापाली, भैरा, नवापारा आदि ग्रामों में धान की बोवाई का कार्य तेजी से चल रहा है। कहीं- कहीं बारिश अच्छी है तो कहीं कम। क्षेत्र में तेज धूप उमस से लोगों का हाल बेहाल हो रहे हैं, बारिश नहीं होने से गर्मी उमस बढ़ गई है। लोगों को अच्छी बारिश का इन्तजार है।

अंचल के गांव में चल रहा रोपा लगाने का कार्य

मनोहर साहू समिति के संरक्षक नवीन संगठन मंत्री मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति का विस्तार करते हुए समिती के कार्ययोजनाओं को सफल बनाने के लिए के वरिष्ठ जनों एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के अनुशंसा पर समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने तहसील साहू संघ के अध्यक्ष मनोहर साहू को संरक्षक एवं बसना के युवा नेता नवीन साहू को संगठन मंत्री मनोनित किया है। मनोहर साहू संरक्षक एवं नवीन साहू के संगठन मंत्री मनोनीत होने पर समाज के वरिष्ठ जनों ने बधाई दी है। जिनमें प्रमुख रूप से पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, सांसद रूप कुमारी चौधरी, राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के महामंत्री दयाराम साहू, हलधर साहू, उपाध्यक्ष मालक राम साहू, जिला साहू संघ महासमुंद के अध्यक्ष धरमदास साहू, जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू, समिति के संरक्षकगण डॉक्टर रामकुमार साहू, रूपेंद्र साहू, पंडित घनश्याम साहू, बोधन साहू, गौकरण साहू, रतिराम साहू, मेघनाथ साहू, प्रेमलाल साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दुलीकेशन साहू, नोहर दास साहू, ईश्वरी साहू, तहसील साहू संघ बसना के अध्यक्ष पंकज साव ने शुभकामनाएं दी।

देवी जातरा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु निकाली देवी-देवताओं की सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल भाठीगढ़ में माता पहुंचानी के बाद देवी जांतरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने भाठीगढ़ राज से 40 ग्रामों के सैकड़ों झांकर, पुजारी, बैगा, सिरहा और वरिष्ठ नागरिक पहुंचे। जहां मांता दंतेश्वरी के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद देवी देवताओं की सवारी निकाली गई, विशेष देव सौर्य नृत्य को देखने और देवी- देवताओं से आशिर्वाद लेने लोग उमड़ पड़े यहां विशेष पूजा अर्चना के बाद क्षेत्र मे सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई, इस मौके पर प्रमुख रूप से हेमसिंह नेगी, नकछेड़ा राम धुरर्वा, आशाराम यादव, देवीसिंग, हरिशचन्द्र नेगी, प्रेमसाय जगत, छबी दिवान, मुखतियाज दिवांन, छबीराम धुरर्वा, सुन्दर कपील ,माखन दास वैष्णव, रामसिंग साहू, जतरू राम, रामसिंग धुरव, खेदूराम नेगी, खेलन धुर्वा, भजन सिंह, ई"वर नागेश, थानूराम पटेल, महेन्द्र धुर्वा, अवधराम, रूपराम, पारथी, भूशण, विरेन्द्र साहू , डोमार साहू, ,श्यामा विश्वकर्मा, रामसिंग नागेश, लालराम साहू, बिससेर सिक्का, लिलेश साहू, तुलसी नागेश, नारद नेगी, हरिराम चक्रधारी, राजेन्द्र नागेश, भगवान सिंह धुर्वा, जिलेन्द्र नेगी, डाकेश्वर नेगी सहित 40 ग्रामों के पटेल, झांकर, पुजारी, बैगा, सिरहा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

वन विभाग एवं जनप्रतिनिधियों ने रोपे 30 छायादार व औषधीय पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रावनाभाठा में एक पेड़ मां के नाम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें सर्वप्रथम पौधा का पूजा अर्चना कर पौधा रोपण किया गया। सबसे पहले वन विभाग के टीम एवं जनप्रतिनिधि द्वारा 30 छायादार औषधीय और सदाबहार सहित कई किस्म के पौधे लगाए। इस अवसर पर सहायकवन परिक्षेत्र अधिकारी धनेश कुमार साहू ने कहा कि पेड़- पौधे हर जीव के लिए जरूरी है इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पेड़- पौधे प्रत्येक जीव के लिए फेफड़ों से कम नहीं है। वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए साल भर वन विभाग और स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम करवाए जाते हैं। इसके अलावा केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य ने भी पेड़ों से जीवन में होने वाले फायदों के बारे में बताया। एक पेड़ मां के नाम के तहत वन विभाग ने पौधारोपण अभियान चलाकर लगभग 30 पौधे लगाए गए।इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी धीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, सरपंच राजकुमारी ध्रुव, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी धनेश कुमार सिन्हा, प्रबंधक नोहर सिंह ध्रुव, परिसर रक्षीत पुष्पा गंधर्व, क्षमेश्वर साहू, चीताराम साहू, तुलसी ध्रुव, लल्लू राम, चन्द्रशेखर नरसिंग, पुरुषोत्तम वन समिति अध्यक्ष देवलाल कमार, समाजसेवी प्रकाश निर्मलकर, पुनिताराम ठाकुर, मुकेश ध्रुव, किशन सिन्हा, योगेद्रधर यदु उपस्थित रहे।

जिले में आजीविका ऋण मेला का हुआ आयोजन

मेले में 3 करोड़ 44 लाख रुपए से अधिक का ऋण स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के अधिक से अधिक लोगों को व्यवसाय एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आज अग्रणी बैंक के तत्वाधान में गरियाबंद के जनपद पंचायत सामुदायिक भवन में आजीविका ऋण मेला का आयोजन किया गया। ऋण मेला में हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय की जानकारी भी दी गई। ऋण मेला में 3 करोड़ 44 लाख 70 हजार रूपये की ऋण राशि स्वीकृत की गई। मेला के माध्यम से 85 हितग्राही लाभान्वित किये गये। आजीविका मेला में कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने मेले में शामिल हितग्राहियों को ऋण चेक का वितरण किया। साथ ही दो हितग्राहियों नारायण एवं टोमेश्वर साहू को शासन के सहयोग से ऋण स्वीकृत कर ट्रैक्टर प्रदान किया गया। एक किसान अभिषेक चतुर्वेदी को कार लोन स्वीकृत कर कार की चाबी प्रदान की गई। मेले में विभिन्न स्वसहायता समूहों को भी बैंक ऋण प्रदान कर आजीविका संवर्धन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य शासन के मंशा अनुसार अधिक से अधिक लोगों को आजीविका गतिविधियों में संलग्न करने के उद्देश्य से ऋण मेला का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से स्व सहायता समूह एवं आमजनों को शासकीय सहायता प्रदान कर सशक्त एवं आर्थिक दृष्टि से विकसित किया जाना है। उन्होंने हितग्राहियों को शासन की सुविधा का लाभ उठाने एवं ऋण योजनाओं का सदुपयोग करते हुए अपनी आजीविका विकसित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, जनपद सीईओ गरियाबंद अहमद जाफरी, लीड बैंक मैनेजर मो. मोफीज, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र श्री दीनबंधु ध्रुव, सीईओ अंत्यावसायी रश्मी गुप्ता सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन मौजूद रहे।

ट्रैक्टर के लिए 3 किसानों को 15.85 लाख रूपए का ऋण

लीड बैंक मैनेजर ने बताया कि आजीविका मेला में एनआरएलएम अंतर्गत 38 प्रकरणों में 1 करोड़ 71 लाख रूपये ऋण स्वीकृत की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 3 प्रकरण में 15 लाख रूपये, मुद्रा योजना के 7 प्रकरण में 25 लाख 40 हजार रूपये, एमएसएमई के 1 प्रकरण में 45 लाख रूपये, 31 लोगों के लिए 69 लाख 47 हजार रूपये की केसीसी, शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत 2 प्रकरणों में 3 लाख रूपये, ट्रैक्टर लोन अंतर्गत 3 किसानों को 15 लाख 85 हजार रूपये का ऋण प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 2 प्रकरणों में 4 लाख रूपये प्रदान किया गया एवं 34 नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना अंतर्गत 1 प्रकरण का बीमा क्लेम सेटलमेंट के तहत 2 लाख रूपये प्रदान किया गया तथा 27 नवीन पंजीयन किया गया। साथ ही अटल पेंशन योजना अंतर्गत 20 नवीन पंजीयन किये गये। ऋण मेला में स्वसहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज, शासकीय एवं स्वरोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना का विस्तार सहित नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन कराने की सुविधा मुहैया करवाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत, लीड बैंक मैनेजर, जिला व्यापार एवं उद्योग, जिला अंत्यावसायी विभाग, खादी ग्रामोद्योग के अधिकारी-कर्मचारियों ने लोगों को लाभान्वित करने के लिए जागरूक किया। मेला में राष्ट्रीयकृत बैंक, खादी ग्राम उद्योग, जिला व्यापार उद्योग केंद्र, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग के स्टॉल लगाये गये। मेले में आये आमजनों ने स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468